# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org    Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–5300/26    दिनांक 14.07.26

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / निदेशक / प्रबन्धक,**
समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (शासकीय / निजी क्षेत्र),
उत्तर प्रदेश।

**विषय–सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र् 2026–27 में प्रवेश के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से सम्बद्धता प्राप्त सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण केन्द्रों को सूचित करना है कि शैक्षणिक सत्र् 2026–27 में राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रम यथा डिप्लोमा ऑफ एनेस्थिसिया एण्ड ऑपरेशन थियेटर टेक्नॉलोजी (D.AOTT), डिप्लोमा ऑफ रेडियोथिरेपी टेक्नॉलोजी (D.RT), डिप्लोमा ऑफ डायलिसिस टेक्नॉलोजी (D.DT), डिप्लोमा ऑफ हेल्थ इनफार्मेशन मैनेजमेन्ट (D.HIM) एवं डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नॉलोजी (D.MLT) में ही प्रवेश लिया जायेगा।

उक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं पठन–पाठन राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों, सीटों की संख्या एवं करिकुलम के अनुरूप ही किया जायेगा। उपरोक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य किसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश मान्य नहीं होगा।

यदि किसी संस्थान द्वारा राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया जाता है तो उन अभ्यर्थियों का इनरोलमेन्ट एवं परीक्षा की प्रक्रिया उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा सम्पन्न नहीं करायी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्थान का होगा तथा उक्त संस्थान के विरूद्व नियमानुसार यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या –    दिनांक –

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद, लखनऊ।

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।